**14.54 hrs.**

**Title:** Annoucement regarding Government Business during the week commencing 13th May, 2002 and submissions by the Members.

**संसदीय कार्य मंत्री तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) :** अध्यक्ष महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हूं कि सोमवार, 13 मई, 2002 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जाएगा :-

1. आज की कार्यसूची से बकाया सरकारी कार्य की किसी मद पर विचार।
2. परक्राम्य लिखित (संशोधन विधेयक, 2001) पर विचार और पारित करना।
3. राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करना :-

( i) हज समिति विधेयक, 2002

( ii) उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2002

i. पेटेन्ट (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2002

1. राज्य सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित

करना :-

(i) केन्द्रीय होम्योपैथी परिाद (संशोधन) विधेयक, 2002

( ii) गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2002

5. बीमा (संशोधन) विधेयक, 2001 पर विचार और पारित करना।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित वियों का समावेश किया जाये।

1. जल भूतल सड़क परिवहन मंत्रालय केन्द्र सरकार द्वारा कानपुर सागर भोपाल देवास मार्ग को राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 की स्वीकृति दी है। इस मार्ग की स्थिति काफी खराब है। अतः वाहनों में टूट-फूट होने से अनावश्यक खर्चे को बचाने तथा समय की बचत करने के लिए शीघ्र ही इस मार्ग का निर्माण कराया जाये।
2. मध्य प्रदेश की लंबित पड़ी सिंचाई योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराकर किसानों को इन सिंचाई योजनाओं का लाभ मिल सके। अतः योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जल संसाधन विभाग द्वारा शीघ्र ही राशि का आवंटन किया जाये।

SHRIMATI MINATI SEN (JALPAIGURI): Sir, the following items may be included in the next week's agenda :-

i. Except a few, rivers originating from Bhutan and flowing through Jalpaiguri and Coochbehar cause severe flood in a routine manner from last two decades. The rate of siltation enhances these types of devastations due to unscrupulous and indiscriminate mining of Dalomite mines and deforestation in Bhutan. To tackle this grave problem, Indo-Bhutan Joint River Commission should be constituted urgently.

i. Regarding discussion on the Constitution (85th Amendment) Bill (Women's Reservation Bill), for consideration and passing in Lok Sabha.

**श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) :** सभापति महोदय, अगले सप्ताह की कार्य सूची में निम्नलिखित वियों को शामिल किया जाए।

1. छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च न्यायालय बिलासपुर के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति तथा न्यायाधीशों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की जाए।
2. बिलासपुर (चकुरभाठा) हवाई पट्टी को चौड़ी करने की स्वीकृति दी जाए एवं पुनः वायुदूत सेवा प्रारंभ की जाए।

**श्री राममूर्ति सिंह वर्मा (शाहजहाँपुर) :** सभापति महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित प्रस्ताव शामिल किए जाएंः-

1. उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रान्तों से होकर गंगा नदी निकलती है। इनका जल प्रदूाण की वजह से बहुत गंदा है जो पीने लायक नहीं है। इससे जल पीने वाले प्र ाणियों के लिए उक्त संकट पैदा हो गया।

2. दिल्ली में यमुना नदी का जल प्रदूति हो चुका है। इस प्रकार देश की अन्य नदियां भी दिन- प्रतिदिन प्रदूति होती जा रही हैं। अतः देश की नदियों को प्रदूति होने से बचाना अति आवश्यक हो गया है।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) :** सभापति महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित प्रस्ताव शामिल किए जाएंः-

1. मध्य प्रदेश में भूमिगत जल के स्तर में भारी गिरावट दर्ज हुई है। इससे पेयजल का गंभीर संकट पैदा हुआ है। भोपाल सहित सभी नगर पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं जिससे नर्मदा जैसी नदी पर भी संकट पैदा हो गया है।

2. राट्रीय मानचित्रों एवं सघन मानचित्रों का प्रकाशन एवं प्रसारण तथा विक्रय के लिए सरकार सर्वे आफ इंडिया को निर्देश दे कि उन्हें सुविधाजनक एवं से आसानी से उपलब्ध कराएं।

**श्री रामदास रुपला गावीत (धुले) :** सभापति महोदय, निम्नलिखित विायों को आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाएः-

1. महाराट्र के नंदुरबार जिले में स्थित तोरणमाल हिल स्टेशन है। वहां प्रतिर्वा अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए इस हिल स्टेशन का विकास किए जाने की आवश्यकता।
2. मनमाड़-मालेगांव-धुले-सिरपुर-महू-इंदौर नई रेल लाइन का सर्वे सरकार द्वारा कराया गया है लेकिन अभी तक इस रेलवे लाइन के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस रेल मार्ग से लाखों लोगों को लाभ होगा तथा साथ ही इस क्षेत्र का विकास भी हो सकेगा। इसलिए इस रेल मार्ग के अविलम्ब शुरू किए जाने की आवश्यकता।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, the following items may be included in the next week's agenda :-

i. The coconu farmer are facing a deep crises . The procuremen agencie have opped procuring copra from he marke . Hence, the farmer are no getting he minimum support price. I request the Central Governmen to take remedial measures .
ii. It has been reported in the Press that widespread forest encroachments are taking place in Kerala. This has resulted in the violation of Forest Conservation Act and is also violating the law relating to wild life and protection of animals.

**15.00 hrs.**

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** सभापति महोदय, निम्नलिखित विायों को अगले सप्ताह की कार्य-सूची में जोड़ने की कृपा की जाये:

1. वित्त आयोग द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट के प्रभावी संचालन हेतु बिहार सरकार को जारी 320 करोड़ रुपये का खर्च समुचित ढंग से कराने और आबंटित राशि को सम्बन्धित न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा खर्च करने पर रोक हटाने की अपेक्षा।
2. फास्ट ट्रैक न्यायालय के न्यायाधीशों को सिविल अपील्स रिवीजन, अपराधी अपील्स का निपटारा करने के अधिकार प्रदान कराने और अधिक उम्र के अवकाश प्राप्त न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाने की अपेक्षा ताकि फास्ट ट्रैक न्यायालय के गठन के उद्देश्यों को साकार किया जा सके।

--------